प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.01.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

भाजपा अध्यक्ष चुनाव

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए आज नामांकन भरे जाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी और सांसद के. लक्ष्मण द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन दोपहर 2 बजे से 4 बजे के बीच दाखिल किए जा सकते हैं। पूरी चुनाव प्रक्रिया नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में होगी।

निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्रों की जांच आज शाम चार बजे से पांच बजे के बीच की जाएगी। इसके बाद नामांकन वापस लेने की प्रकिया शुरू होगी और शाम छः बजे तक नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे। इस प्रकिया के पूर्ण होने के बाद आवश्यकता पड़ने पर कल मतदान होगा और नए भाजपा अध्यक्ष की आधिकारिक घोषणा की जाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव पार्टी के राष्ट्रीय और राज्य परिषदों के प्रतिनिधियों से बने निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है। वर्तमान में यह पद केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के पास है। जेपी नड्डा को जून 2019 में भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और बाद में जनवरी 2020 में उन्हें निर्विरोध पार्टी अध्यक्ष चुना गया जिससे उन्होंने तत्कालीन पार्टी अध्यक्ष अमित शाह का स्थान लिया।

मंत्रिमंडल बैठक

प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित होगी। साल की इस पहली बैठक में कई महत्वपूर्ण फैंसले लिए जा सकते हैं। इस दौरान पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव को लेकर कोई फैसला होने की उम्मीद है। बैठक में बजट सत्र की तिथियां तय करने पर भी फैसला हो सकता है। मंत्रिमंडल की बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य समेत कई अन्य विभागों में चल रही रिक्तियों पर भी निर्णय हो सकता है। इसके अलावा सूखे जैसी स्थिति से निपटने की रणनीति पर भी कैबिनेट में चर्चा हो सकती है।

कुलदीप पठानिया

प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया आज से लखनऊ में शुरू हो रहे 86वें पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में भाग लेंगे। 21 जनवरी तक चलने वाले इस सम्मेलन का शुभारंभ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे। सम्मेलन में जहां 28 राज्यों के पीठासीन व उप पीठासीन अधिकारी भाग ले रहे हैं वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सम्मेलन में विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया सम्मेलन के दौरान चयनित विषयों में अपना संबोधन भी देंगे।

शाह – स्थापना दिवस

गृह मंत्री अमित शाह ने आज राष्ट्रीय आपदा मोचन बल– एनडीआरएफ को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि आपदाओं के दौरान राष्ट्र के भरोसे का स्तंभ एनडीआरएफ ही है। गृहमंत्री ने कहा कि आपदा–प्रतिरोधी देश बनाने के सरकार के संकल्प को साकार करने में यह प्रतिक्रिया बल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने दूसरों की सुरक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने वाले सभी शहीदों को भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्राकृतिक खेती

प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। शिमला जिले में प्राकृतिक खेती के उत्पादों को आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने की योजना तैयार की जा रही है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता।

प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना हिमाचल सरकार की महत्वपूर्ण पहल है।प्रदेश में प्राकृतिक खेती कर रहे किसानों से गेहूं, मक्की, जौ और कच्ची हल्दी खरीद कर उसके प्रसंस्कृत उत्पादों को हिम भोग ब्रांड के तहत बाजार में उतारा जा रहा है। ये उत्पाद 100 प्रतिशत रसायन मुक्त हैं और स्वास्थ्यवर्धक हैं। राजीव गांधी प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के तहत जिला शिमला में प्राकृतिक खेती के उत्पादों को आमजन तक पहुंचाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा है कि जिला के चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन में शुरुआती तौर पर प्राकृतिक खेती के उत्पादों को शुरू करने की दिशा में विकल्प तलाशे जाएंगे। इसके साथ ही इन उत्पादों की बिक्री के लिए निश्चित स्थान भी ढूंढा जाएगा ताकि लोगों को एक ही स्थान पर प्राकृतिक खेती के उत्पाद मिल सके।

जी–राम–जी

सरकार ने विकसित भारत जी–राम–जी के संबंध में किए जा रहे भ्रामक दावों का खंडन किया है और काम के अधिकार को छीने जाने के दावे राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह अधिनियम प्रत्येक ग्रामीण परिवार को कम से कम 125 दिनों का रोजगार सुनिश्चित करता है। सरकार ने बताया है कि अधिनियम के अनुसार रोजगार 15 दिन के भीतर उपलब्ध कराया जाना चाहिए, अन्यथा बेरोजगारी भत्ता अनिवार्य है। इसके अलावा अधिनियम में स्पष्ट प्रावधान है कि योजना के अंतर्गत काम करने वाला हर व्यक्ति काम के प्रत्येक दिन के लिए अधिसूचित दर पर मजदूरी प्राप्त करने का हक़दार है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकतर भागों में आज दिन की शुरूआत हल्की धूप के साथ हुई है। बीते दिनों उंची चोटियों पर हुए हल्के हिमपात के बाद तापमान में लगातार गिरावट से ठंड में इज़ाफा हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 22 जनवरी तक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी होने की संभावना है।

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। हमारा अगला बुलेटिन आप सुन सकते हैं दोपहर 3 बजे नमस्कार।